Dabang Dunia, 22nd April 2022, Page – 04

# आईआईटी बिजली कंपनी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग टूल्स में मदद करेगा

## दल ने किया बिजली कंपनी का दौरा, स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर भी देखा



भोपाल » दबंग रिपोर्टर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर बिजली कंपनी के लिए नई तकनीक उपलब्ध्र कराएगा। इससे कंपनी और उपभोक्ता दोनों को फायदा मिलेगा।

यह बात आईआईटी के दो सदस्यीय दल ने बिजली कंपनी के दौरे में कही। आईआईटी इंदौर से डॉ. तृप्ति जैन के नेतत्व में दो सदस्यी दल बिजली वितरण कंपनी के मुख्यालय पहुँचा। दल ने स्मार्ट मीटर के लिए विशेष रूप से बनाया हाईटेक कंट्रोल सेंटर देखा। इस दौरान शहर में वर्ष 2018 से लेकर अब तक स्मार्ट मीटर की योजना के कार्य, तकनीकी उन्नयन, उपभोक्ता सुविधा, देशभर में स्मार्ट मीटरिंग को लेकर की जा रही नालेज शेयरिंग, सही रीडिंग, सही बिलिंग के बाद विवादों में अत्यंत कमी और अन्य कार्य, उपलब्धियों के बारे में दल को जानकारी दी गई। डॉ. तृप्ति जैन ने कहा कि आईआईटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा बिजली कंपनी की मदद करेगी। हम आपके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग टूल्स उपलबध कराएंगे. इसके लिए प्रोफेसर और विद्यार्थी मिलकर कार्य करेंगे। यह कार्य आईआईटी और बिजली कंपनी के लिए बहुत ही उपयोगी रहेगा।

इस दौरान स्मार्ट मीटर सेल के अधीक्षण यंत्री डीएस चौहान और कंट्रोल सेंटर प्रभारी नवीन गुप्ता ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से स्मार्ट मीटर इंदौर की विकास यात्रा के हर पहलू का चित्रण प्रस्तुत किया। बताया गया कि स्मार्ट मीटर प्रत्येक उपभोक्ता का प्रतिदिन विभिन्न प्रकार का डाटा उपलब्ध कराता है। इस डाटा का बिजली कंपनी और ऊर्जा विभाग के साथ ही आईआईटी की इलेट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा उपयोग करेगी।